[This question paper contains 6 printed pages.]

5927 आपका अनुक्रमांक ....

B.A. (Programme)/III **E**

(Application Course)

CREATIVE WRITING (HINDI)

रचनात्मक लेखन – हिंदी

(प्रवेश – वर्ष 2004 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घंटे *पूर्णांक : 50*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। एक प्रश्न के सभी अनुभागों का उत्तर एक स्थान पर दीजिए।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए:

(i) रचनात्मक लेखन के तत्व

(ii) भाषा का रचनात्मक उपयोग

(iii) सृजनात्मक लेखन का महत्व

(iv) साहित्य और समाज

(v) पापुलर कल्चर और रचनात्मकता

(vi) पत्रकारिता और रचनात्मकता

(vii) कल्पना और रचनात्मकता

(viii) रचनाकार का स्वानुभूत और रचनात्मकता (4×2.5=10)

2. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं छः की यथानिर्दिष्ट विशेषताओं को चिह्नित कीजिए:

(i) कल कानन कुंडल मोर पखा उर पै बनमाल विराजति है। (अनुप्रास)

(ii) काली घटा का घमंड घटा (यमक)

(iii) को घटि ये वृषभानजा के हलधर के वीर (श्लेष)

(iv) देख लो साकेत नगरी है यही, स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही है। (उपमा)

(v) छत्र-सा सिर पर उठा था प्राणपति का हाथ। (उपमा)

(vi) मैया मैं तो चंद्र-खिलौना लैहो (रूपक)

(vii) यह दीप अकेला स्नेह भरा (प्रतीक)

(viii) जो जन करते नमन है, उन्नत होते वे सदा (विरोधाभास)

(ix) बिनु पद चलै सुनै बिनु काना, कर बिनु करम करे विधि नाना। (विभावना)

(x) अपना सामान उठाओ और नौ दो ग्यारह हो जाओ (मुहावरा)

(6×1/2=3)

(ख) किन्हीं **तीन** भाषा-प्रयोगों की विशेषताएँ बताइए:

(i) तत्सम शब्द

(ii) आंचलिक शैली

(iii) यौगिक शब्द

(iv) मानकीकरण

(v) चित्रात्मकता

(vi) अर्थ परिवर्तन में प्रत्यय की भूमिका (3×1=3)

(ग) किन्हीं दो अवधारणाओं पर लगभग 75 शब्दों में टिप्पणी लिखिए:

(i) व्यंजना शब्द शक्ति

(ii) उपमा और रूपक में अंतर

(iii) तुक और लय

(iv) प्रतीक (2×2=4)

3. (क) दिए गए अंश के **रचनात्मक सौंदर्य** का विश्लेषण कीजिए:

वह तोड़ती पत्थर
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर

नहीं छायादार

पेड़ वह जिसके तले स्वीकार

श्याम तन भर बंधा यौवन

नत नयन प्रिय कर्म रत मन

अथवा

शेर को भी थकावट मालूम हो रही थी। बैठे-बैठे उसका जी ऊब गया। वह चाहता था कि किसी तरह जल्दी से शिकार मिल जाए। लड़के ने इधर-उधर बहुत निगाह दौड़ायी, मगर कोई नजर न आया। तब वह चिल्ला-चिल्लाकर रोने लगा। मगर वहाँ उसका रोना कौन सुनता! (6)

(ख) निम्नलिखित अवधारणाओं में से तीन को लगभग 75 शब्दों में स्पष्ट कीजिए।:

(i) गद्य और पद्य में अंतर

(ii) उपन्यास में चरित्र चित्रण

(iii) मुक्तक काव्य

(iv) बाल साहित्य में गेय तत्व

(v) कोड और संदेश

(vi) कहानी में परिवेश (3×3=9)

4. (क) रेडियो विज्ञापन लेखन टेलिविजन विज्ञापन लेखन से किस प्रकार भिन्न होता है? विचार कीजिए।

अथवा

यात्रावृत्तांत की विशेषताओं का वर्णन करें। (4)

(ख) साक्षात्कार लेते समय साक्षात्मकार कर्ता को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

अथवा

दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा विषय पर एक फीचर लिखिए। (3)

(ग) फीचर लेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

हाल में रीलिज हुई किसी फ़िल्म की समीक्षा कीजिए। (3)

5. (क) पाठक किसी प्रकार लेखक से संबंध स्थापित करता है? विचार कीजिए।

अथवा

पत्रिका के संपादन में किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है? विवेचन कीजिए। (3)

(ख) आवश्यक चिह्नों का प्रयोग करते हुए प्रूफ शोधन कीजिए

रवी हुआ अस्त

ज्योती के पत्र में

लिखा अमर

रह गया

राम रावण का

अपराजय समर

आज का। (2)